

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


अनमोल वचन

हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है। जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।

सोमवार 4 मई 2026 बर्ष 02 अंक 117 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## राज्यपाल आज आयेंगे राजगीर, सुरक्षा की होगी कड़ी व्यवस्था क्षेत्र 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित, प्रशासन अलर्ट मोड में

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राज्यपाल के प्रस्तावित राजगीर दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक और बहुस्तरीय तैयारियां की गई हैं, ताकि दौरा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सके। प्रशासनिक और पुलिस महकमे के वरीय अधिकारी लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। राज्यपाल के एडीसी मेजर अरशदीप सिंह हंस द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल सोमवार को विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा वे आधुनिक नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का भी दौरा करेंगे। इस दौरान राज्यपाल ऐतिहासिक विरासत और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लेंगे। डीपीआरओ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। राज्यपाल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यक्रम स्थलों, आवासन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। हर संवेदनशील बिंदु पर पुलिस बल, दंडाधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। विशेष रूप से, सुरक्षा कारणों से नालंदा विश्वविद्यालय और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष सहित आसपास के विस्तृत क्षेत्र को राज्यपाल के दौरे की अवधि के दौरान 'नो फ्लाइंग ज़ोन' घोषित कर दिया




गया है। इस अवधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन, कैमरा युक्त उड़ने वाले उपकरण या अन्य एरियल डिवाइस के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।प्रशासनिक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही खुफिया एवं सुरक्षा एजेंसियों को भी सक्रिय रहते हुए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। दौरे को लेकर शहर में जगह–जगह बैरिकेडिंग, वाहन जांच और सुरक्षा जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है, ताकि वीआईपी मूवमेंट के दौरान आम लोगों को कम से कम असुविधा हो। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें, अफवाहों से बचें और जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। प्रशासन का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से ही इस महत्वपूर्ण दौरे को सफल और सुरक्षित बनाया जा सकता है।



## 30 साल से नीतीश के भरोसेमंद साथी बने हुए हैं श्रवण कुमार

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार की राजनीति में श्रवण कुमार एक ऐसे नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने करीब तीन दशकों से अधिक समय तक नीतीश कुमार का साथ निभाया है और नालंदा की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। उनका राजनीतिक सफर वर्ष 1994 में शुरू हुआ, जब नीतीश कुमार और जॉर्ज फर्नांडिस ने मिलकर समता पार्टी का गठन किया। उसी समय से श्रवण कुमार इस विचारधारा के साथ जुड़े और सक्रिय राजनीति में भूमिका निभाने लगे। वर्ष 1995 में उन्होंने पहली बार समता पार्टी के टिकट पर नालंदा से विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने। इसके बाद वर्ष 2000 में भी उन्होंने जीत दर्ज की। बाद में समता पार्टी का विलय जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में हो गया।विलय के बाद से श्रवण कुमार लगातार जेडीयू के टिकट पर नालंदा से चुनाव जीतते आ रहे हैं। करीब 30 वर्षों के इस लंबे राजनीतिक सफर में उन्होंने संगठन के प्रति निष्ठा और क्षेत्र में सक्रियता के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, नालंदा में उनकी निरंतर जीत और नीतीश कुमार के साथ उनकी मजबूती उन्हें प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है।

## नालंदा में पेट्रोल–डीजल व रसोई गैस की कमी की अफवाह बेबुनियाद, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में पेट्रोल–डीजल एवं रसोई गैस की कथित कमी की सूचना को लेकर रविवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर एवं जिला के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं और जिले में पेट्रोल–डीजल की कोई कमी नहीं है। खपत के अनुसार लगातार आपूर्ति की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि वर्तमान में विवाह सीजन को देखते हुए ईंधन की मांग बढ़ी है, ऐसे में तेल कंपनियां 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की आपूर्ति बाधा होने पर तत्काल समन्वय कर समाधान करने तथा संबंधित अधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विधि–व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और पैनिक न हों। रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8,523 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध



कराए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले का बैकलॉग मात्र 3.34 प्रतिशत है, जो राज्य में दूसरा सबसे कम है।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि बिहारशरीफ, राजगीर एवं सिलाव में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। कई वार्डों में पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब तक करीब 1,839 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेना अनिवार्य किया जाएगा और इसकी निगरानी भी की जाएगी। डीएम ने आवासीय विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, सामुदायिक रसोई एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन देने का निर्देश संबंधित एजेंसी इंडियन ऑयल–अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड को दिया। अंत में जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं पेट्रोल–डीजल या एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग होता दिखे, तो इसकी सूचना टोलफ्री नंबर 06112–233168 पर दें। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इस्लामपुर में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 95 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब की तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस ने इस्लामपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्कूटी पर शराब ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक स्कूटी से शराब की डिलीवरी करने जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। पुलिस वाहन को देखते ही स्कूटी सवार दोनों युवक भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।जांच के दौरान स्कूटी में छुपाकर रखी गई 180 एमएल की 95 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान इस्लामपुर नगर के मलिक सराय मोहल्ला निवासी सचिन ऋषि और शिशुकांत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120,9931609015

# तेलमर थाना में स्थित डीएसपी कार्यालय में अपराध समीक्षा को लेकर किया गया बैठक, क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्ष रहे मौजूद



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के तेलमर थाना परिसर स्थित सदर डीएसपी–2 कार्यालय में रविवार को अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर डीएसपी–2 संजय कुमार जायसवाल ने की, जिसमें क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में कानून–व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, लंबित मामलों की समीक्षा तथा अपराध नियंत्रण के लिए रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान डीएसपी–2 ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया कि लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें और अनुसंधान की प्रक्रिया में तेजी लाएं, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने, खासकर संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने, आपराधिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया। डीएसपी–2 ने अवैध शराब, नशीले पदार्थों के कारोबार और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के अपराध समाज के लिए गंभीर खतरा हैं और इन्हें जड़ से खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता और सख्ती से ही इन पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि आम लोगों के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना समय पर मिल सके। पुलिस–पब्लिक समन्वय को मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया। डीएसपी–2 ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी थाना अध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्रों में पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें और कानून–व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें।बैठक में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, तेलमर थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, बेना थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार, गोखुलपुर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कल्याण बीघा थाना अध्यक्ष निशा भारती, चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार, भागन बीघा थाना अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, रहुई थाना अध्यक्ष ललित विजय तथा नूरसराय थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में डीएसपी–2 ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से समीक्षा बैठक कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि अपराध नियंत्रण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सतत निगरानी हो सके और क्षेत्र में कानून का राज कायम रखा जा सके।



# अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई– तीन ट्रैक्टर जब्त

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के रामघाट डियामा जाने वाली सड़क पर अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा एवं खनन विभाग, बिहारशरीफ की संयुक्त टीम ने मिट्टी खुदाई कर परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया। यह अभियान हिलसा एसडीएम के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें अवैध खनन पर सख्ती दिखाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा जब्त किए गए ट्रैक्टरों को थाना लाकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं, इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।






# कैंसर से जूझते हुए शोध पूरा करने वाली वर्षा को मिली पीएचडी उपाधि




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** गंभीर बीमारी और विपरीत परिस्थितियों के बाद भी दृढ़ इच्छाशक्ति व संकल्प का परिचय देते हुए वर्षा कुमारी ने आचार्य सरहपा की कविता के आलोचनात्मक अध्ययन पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। हिंदी में सिद्ध साहित्य पर यह उल्लेखनीय कार्य माना जा रहा है। यह उपलब्धि के साथ–साथ संघर्ष और धैर्य का उदाहरण है। वर्षा कुमारी लंबे समय से कैंसर से जूझ रही हैं। उपचार के लिए उन्हें मुंबई, दिल्ली तथा गुरुग्राम के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में जाना पड़ता है। इसके बावजूद उन्होंने अपने शोध कार्य को निरंतर जारी रखा। अस्पताल और पुस्तकालय उनके जीवन में साथ–साथ चलते रहे। नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय में हुए पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार में उनकी दृढ़ता और विषय के प्रति प्रतिबद्धता ने शिक्षकों को प्रभावित किया है। वर्षा कुमारी ने लगभग साढ़े तीन वर्षों में अपना शोध कार्य पूरा किया। कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में उनकी इस उपलब्धि को संस्थान की शैक्षणिक परंपरा की निरंतरता के रूप में देखा है। वर्षा का शोध मार्गदर्शक प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव "परिचय दास" ने किया। उनके मार्गदर्शन में वर्षा कुमारी ने अपने शोध को न केवल अक. ादमिक स्तर पर, बल्कि संवेदनात्मक गहराई के साथ विकसित किया। शोध की मौखिकी परीक्षा में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. सदानंद शाही ने उनके कार्य की सराहना की। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. हरे कृष्ण तिवारी सहित अन्य शिक्षकों डॉ. अनुराग शर्मा, विकास सिंह, निकिता आनंद और शिवानी जायसवाल का सहयोग उल्लेखनीय रहा। बताया गया कि वर्षा कुमारी साहित्यिक लेखन में भी सक्रिय हैं। बीमारी के दौरान भी उन्होंने लेखन जारी रखा। उनकी रचनाओं में जीवन–संघर्ष की गहराई और संवेदनात्मक ईमानदारी परिलक्षित होती है। उनकी पीएचडी उपाधि प्राप्ति पर विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों, शोधार्थियों, छात्रों तथा गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। शिक्षा जगत में उनकी इस उपलब्धि को प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। यह दर्शाती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

# मदनचक में विवाहिता की संदिग्ध मौत, दुष्कर्म के बाद जहर देकर हत्या का आरोप सात लोगों पर नामजद प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिंद (नालंदा)।** बिंद थाना क्षेत्र के मदनचक गांव में 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान मदनचक निवासी शिवजी यादव की पत्नी किरिंता देवी के रूप में हुई है। घटना को लेकर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें दुष्कर्म के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से जहर देकर हत्या करने की बात कही गई है। मृतका की मां अस्थावां निवासी गिरिजा देवी (पति जयनंदन यादव) ने बताया कि करीब दस वर्ष पूर्व उनकी पुत्री की शादी मदनचक गांव में हुई थी। शादी के बाद से ही उसे ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। कि. रंता देवी दो बच्चों की मां थी और पारिवारिक तनाव के बीच अपना जीवन बिता रही थी। घटना के दिन के बारे में परिजनों ने बताया कि किरिंता देवी घर में अकेली थी, जबकि उसका पति मवेशी चराने बाहर गया हुआ था। इसी दौरान आरोप है कि उसकी गोतनी का बेटा घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसकी जानकारी ससुराल वालों को दी, लेकिन आरोप है कि उसकी बात सुनने के बजाय उसके साथ गाली–गलौज और मारपीट की गई। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने घटना को दबाने और साक्ष्य मिटाने के लिए उसे जबरन जहर खिला दिया और कमरे में बंद कर दिया। इस बीच किरिंता देवी ने अपनी बड़ी बहन कंचन देवी को फोन कर आपबीती बताई और जान बचाने की गुहार लगाई।



सूचना मिलते ही मायके वाले पहुंचे और उसे इलाज के लिए बाढ़ ले जाया जाने लगा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी नुरुल हक तथा अस्थावां पुलिस निरीक्षक प्रदीप किशोर सिन्हा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि मृतका की मां के बयान के आधार पर भैंसुर, गोतनी समेत सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सभी आरोपों की बारीकी से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इलाके में घटना को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# राजगीर नगर परिषद की बजट बैठक आज, जोरदार हंगामा के आसार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** नगर परिषद राजगीर के वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पारित करने के लिए सामान्य बोर्ड की बैठक आज तीसरी बार बुलाई गई है। लगातार दो बार बैठक विफल होने के बाद इस बार भी हंगामेदार होगी। वार्ड पार्षदों के बहिष्कार की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा रहा है। पार्षदों के बीच गुटबाजी साफ तौर पर सामने आ चुकी है। इससे बजट पारित होने पर संशय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार पहली बजट बैठक 25 मार्च को आयोजित की गई थी। उसे सभी वार्ड पार्षदों ने सर्वसम्मति से बहिष्कार कर दिया था। तब बहिष्कार के पीछे उनकी मांगों की अनदेखी को प्रमुख कारण बताया गया था। सूत्रों की मानें तो इसके पीछे कुछ आंतरिक रा. जनीतिक कारण भी थे। इसके बाद 24 अप्रैल को दूसरी बैठक बुलाई गयी। लेकिन उसमें भी पार्षदों के बीच एकजुटता नहीं बन सकी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आशंका जताई जा रही थी कि दूसरी बैठक का भी वार्ड पार्षदों द्वारा बहिष्कार होगा। नगर परिषद की संभावित बदनामी से बचने के लिए उस बैठक को विधानसभा सत्र का हवाला देकर रद्द कर दिया गया। अब तीसरी बैठक आज होनी है। इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई है। वार्ड पार्षदों की मांगों को आंशिक रूप से पूरा किया गया है। लेकिन कई महत्वपूर्ण मांगें अब भी लंबित हैं। यही कारण है कि मामला अब भी अधर में लटका हुआ है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पार्षदों को मनाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन अबतक कोई ठोस सहमति नहीं बन पायी है। इधर अप्रैल में दो बार और मई में एक बार स्थायी सशक्त समिति की ताबड़तोड़ बैठक हो चुकी है। उन बैठकों में निर्माण एवं वित्त से जुड़े अनेकों महत्वपूर्ण ऐजेंडों का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन प्रस्तावों को लागू करने के लिए सामान्य बोर्ड से मंजूरी मिलना अनिवार्य हो गया है। बताया जा रहा है कि पार्षदों का एक गुट नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है, जबकि सत्ता पक्ष इस स्थिति से परेशान नजर आ रहा है। अब देखना यह है कि सोमवार को होने वाली बैठक में बजट पारित होता है या एक बार फिर विरोध कायम रहता है।

# समाजसेवी मुन्ना–रेखा की सिल्वर जुबली बनी यादगार सेवा और संस्कार के 25 वर्षों का भव्य उत्सव



**केशववाणी रजनीश नालंदा।** शहर के सो. हसराय स्थित वैभव मैरिज हॉल में समाजसेवी मुन्ना कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा देवी के वैवाहिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिल्वर जुबली समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह हर्षोल्लास, आत्मीयता और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण बन गया। पूरे मैरिज हॉल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बन रही थी। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, रिश्तेदार और शुभचिंतक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आए कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। गीत–संगीत और मनमोहक प्रस्तुतियों पर उप. स्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पूरे माहौल में उत्सव की खुशी और आत्मीयता झलक रही थी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मुन्ना कुमार और रेखा देवी को वैवाहिक जीवन के 25 सफल वर्ष पूरे करने पर शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घ दांपत्य जीवन की कामना की। अतिथियों ने कहा कि यह जोड़ी केवल पारिवारिक जीवन में ही नहीं, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी एक प्रेरणास्रोत रही है। समाजसेवी मुन्ना कुमार बचपन से ही समा. जसेवा के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की सहायता को प्राथमिकता दी है। उनकी पत्नी रेखा देवी ने हर कदम पर उनका साथ दिया और सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहयोगी बनी रहीं। दोनों ने मिलकर समाज के बीच सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों की मिसाल कायम की है। मुन्ना कुमार ने समारोह के दौरान कहा कि "हमने 25 वर्षों का यह सफर आपसी प्रेम, विश्वास और परिवार के सहयोग से तय किया है। मेरी पत्नी का साथ और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा है, जिसकी बदौलत मैं समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा पा रहा हूं।"इस मौके पर मेयर प्रतिनिधि मनोज कुमार तापती ने कहा कि मुन्ना–रेखा की जोड़ी समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जहां लोग केवल व्यक्तिगत सफलता पर ध्यान देते हैं, वहीं यह परिवार समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सेवा कर मिसाल पेश कर रहा है। पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सक. ारात्मक संदेश देते हैं। वहीं समाजसेवी विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि मुन्ना कुमार का पूरा परिवार शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। बताया गया कि उनके तीनों बच्चे उच्च शिक्षित हैं और अपने–अपने क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। यह सिल्वर जुबली समारोह प्रेम, समर्पण, संस्कार और सामाजिक सेवा के अद्भुत संगम के रूप में लंबे समय तक याद किया जाएगा।






## नालंदा में रेड क्रॉस का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 220 मरीजों की जांच

# हर रविवार लगेगा शिविर, गरीबों को मिल रही राहत

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार, 03 मई 2026 को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जरूरतमंद, गरीब और निसहाय लोगों को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए काफी लाभकारी साबित हो रहे हैं, जहां उन्हें मुफ्त में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल रही है। आयोजन समिति के अनुसार यह स्वास्थ्य शिविर अब प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। शिविर में कुल 220 मरीजों की जांच की गई। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 40, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार ने 20, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 45 मरीजों का परीक्षण किया। वहीं फिजिशियन डॉ. दीन. ानाथ वर्मा, डॉ. इंद्रजीत कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से 90 मरीजों को देखा। इसके अलावा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति सिन्हा ने 20, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार और डॉ. रितेश कुमार ने 20 मरीजों का उपचार किया। शिविर में 50 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) जांच भी की गई, जिससे कई लोगों को अपनी बीमारी की प्रारंभिक जानकारी मिल सकी। शिविर में मौजूद चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर आवश्यक परामर्श दिया और उन्हें उचित उपचार के बारे में जानकारी दी।



साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया। इस आयोजन को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित समेत कार्यकारिणी और आजीवन सदस्यों की अहम भूमिका रही। पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के सेवा भाव और समर्पण की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस तरह के प्रयास आगे भी लगातार जारी रहेंगे, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें।




## कतरीसराय में मकान सूचीकरण को लेकर बैठक, घर-घर सर्वे का निर्देश



**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोट कतरीसराय (नालंदा)।** प्रखंड मुख्यालय कतरीसराय में मकान सूचीकरण कार्य को लेकर सभी प्रगणकों एवं प्रवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने घर–घर जाकर एचएलओ ऐप के माध्यम से सूचीकरण कार्य को पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान 2 मई से शुरू होकर 31 मई तक चलेगा। इस दौरान सभी प्रगणकों एवं प्रवेक्षकों को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र (आई कार्ड) प्रदान किया गया। साथ ही गूगल मैप के उपयोग सहित सूचीकरण से जुड़े सभी आवश्यक दिशा–निर्देश विस्तारपूर्वक समझाए गए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रजनीश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमरजीत कुमार एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिल देव प्रसाद सहित सभी संबंधित कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य को गुणवत्तापूर्ण और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना सुनिश्चित करें।




# त्रिवेणी धाम में गूंजा "हरे कृष्ण" महामंत्र, भक्ति में डूबा चोरसुआ

# राधा–कृष्ण अखंड महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** गिरियक प्रखंड के चोरसुआ गांव स्थित पवित्र त्रिवेणी धाम में श्री राधा–कृष्ण अखंड महा. ेत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। 3 मई 2026 से प्रारंभ यह दिव्य अनुष्ठान 4 मई की सुबह 9 बजे तक लगातार 24 घंटे तक चलेगा, जिसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। महोत्सव की शुरुआत सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा से हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। शोभा यात्रा के बाद अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जिसमें "हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण–कृष्ण हरे हरे" और "हरे राम हरे राम, राम–राम हरे हरे" महामंत्र का लगातार जाप किया जा रहा है। इस ध. ार्मिक आयोजन में चोरसुआ पंचायत की विभिन्न कीर्तन मंडलियों के साथ–साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु, श्रोता और दूर–दराज से आए भक्त शामिल हो रहे हैं। पूरा क्षेत्र भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से गूंज रहा है, जिससे एक आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हो गया है। महोत्सव का आयोजन श्री राधा–कृष्ण सोसायटी के तत्वावधान एवं समाज सुधारक संघ के निर्देशन में किया जा रहा है। आयोजन समिति का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाई. चारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कौशलेंद्र कुमार (सांसद, नालंदा) और जितेंद्र कुमार (विधायक, अस्थावां) भी शामिल हुए और आयोजन की सराहना की।



इसके अलावा जदयू नेता विजय प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।महोत्सव को और भी दिव्य स्वरूप देने के लिए वाराणसी से आए विद्वान पंडित सोनू पांडेय एवं हिमांशु पांडेय ने अपने मधुर श्लो. कों और प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं पूजा–अर्चना का कार्य पुजारी वलीराम प्रसाद एवं उनके सहयोगियों द्वारा विधि–विधान से संपन्न कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस प्रकार के अखंड कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान से परिवार में सुख–शांति और समृद्धि आती है तथा नक. ारात्मक शक्तियों का नाश होता है। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस दिव्य महोत्सव के माध्यम से चोरसुआ पंचायत में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जो लोगों के बीच सकारात्मक संदेश भी प्रसारित कर रहा है।



